# सट्टा किंग आजाद के फार्म हाउस पर चला प्रशासन का पंजा

## बुलडोजर ने बिल्डिंग को चंद मिनटों में किया धरासायी, पंचायत से बिना अनुमति लिए किया था निर्माण



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले के सट्टा किंग कहे जाने वाले आजाद खान और उसके परिवार पर जिला प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है, जहां सट्टा किंग आजाद पूर्व के एक मामले में सलाखों के पीछे है, तो वहीं उसके परिवार द्वारा किये गये अतिक्रमण पर शनिवार को प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाया गया, जिसके चलते देखते ही देखते उसका फार्म हाउस चंद मिनिटों में धरसाई हो गया। शनिवार को प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में बताया गया है कि सट्टा किंग की मां द्वारा कोलुआ स्थित भूमि पर पंचायत से बिना अनुमति लिये निर्माण कर लिया था, जिसके चलते उस पर यह कायर्सवाइी की गई है।

दरअसल ग्राम कोलुआ स्थित भूमि सर्वे कमांक 262, 221, 216, 222 कुल रकबा 0.4930 हे. भूमि पर शहनाज बानो पत्नि अलीम खांन निवासी वार्ड नंबर 10 संजय स्टेडियम के पीछे अशोकनगर द्वारा ग्राम पंचायत से अनुमति लिये बिना एवं लोक निर्माण विभाग के निधारित मानकों के अनुसार तथा उक्त भूमि का व्यय वर्तमन कराये बिना ही फॉर्म हाउस का निर्माण किया गया। जिसके संबंध में न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग, उप संभाग अशोकनगर के द्वारा 1 दिसंबर 2025, 15 दिसंबर 2025, 18 दिसंबर 2025 से विधिवत सूचना पत्र जारी कर अतिक्रमण हटाने हेतु पर्याप्त समय दिया गया था। वहीं न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अशोकनगर द्वारा 16 दिसंबर 2025 को भूमि व्यवर्तन में नोटिस जारी कर 19 दिसंबर 2025 तक जबाव चाहा गया। नोटिस के संबंध में अतिक्रमणकर्ता द्वारा स्वीकार किया गया कि मेरे द्वारा उक्त भूमि का आवासीय व्यवर्तन नहीं कराया गया एवं मप्र ग्राम पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत अतिक्रमणकर्ता द्वारा भवन निर्माण करने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा कोई अनुमति नहीं ली गई। ग्राम पंचायत कोलुआ द्वारा बिना अनुमति के किये गये अवैध निर्माण के संबंध में सूचना पत्र जारी किये गये एवं अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को हटाने हेतु पर्याप्त समय दिया गया। किन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अतिक्रमण न हटाने के कारण शानिवार जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाया गया।

**चंद मिनटों में ढह गई बिल्डिंग:**
सट्टा किंग आजाद खान के विरूद्ध लगातार कार्रवाई को देखने को मिल रहीं है,इसी कड़ी में शनिवार को जिला प्रशासन द्वारा उसके अवैध फार्म हाउस बुलडोजर चलाया। कार्रवाई के लिए लोक निर्माण विभाग, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के सयुंक्त टीम कोलुआ गांव स्थित उसके फार्म हाउस पर पहुंची, जहां जेसीबी की मद्द से फार्म हाउस रूपी बिल्डिंग को चंद मिनटों में ढहा दिया गया। कार्रवाई के दौरान जहां बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, तो वहीं मौके पर ग्रामीणों की भीड़ भी देखी गई।

# करीला में आयोजित कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किए केंद्रीय मंत्री

**दिल्ली पहुंचा पंचायत सचिव संगठन का प्रतिनिधि मंडल**

**शिवराज सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया से की मुलाकात**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** 7वां वेतनमान की मन्नत पूरी होने पर पंचयात सचिव संगठन द्वारा 28 दिसंबर मां जानकी के धाम करीला में एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें 51 राई एवं भंडारा शामिल है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विगत दिवस पंचायत सचिव संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल दिल्ली पहुंचा, जहां उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर कार्यक्रम सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय मंत्रियों को आमंत्रित करने के लिए प्रदेश संगठन के निर्देश पर पंचायत सचिव संगठन प्रतिनिधि मंडल में अशोकनगर जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह यादव, गुना जिलाध्यक्ष ब्रज रघुवंशी और प्रबल प्रताप सिंह रघुवंशी, उपेंद्र मीणा आदि शामिल थे। इस दौरान संगठन के सदस्यों द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ दिल्ली में स्थित निवास पर पौधारोपण पर भी किया।

# नर्स के आरोपों की जांच करेगी आंतरिक परिवाद समिति

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नर्सिंग स्टॉफ का और सिविल सर्जन का विवाद तूल पकड़ता जा रहा है, जहां विवाद के चलते नर्सिंग स्टॉफ सिविल सर्जन की शिकायत करने कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां नर्सो द्वारा लिखित में अपर कलेक्टर से सिविल सर्जन डॉ भूपेंद्र शेखावत पर गंभीर लगाए थे, इस दौरान नर्सो द्वारा बताया गया था कि जब वह छुट्टी मांगने जाती है,तो उनके पैसों की मांग की जाती है। तो वहीं एक स्टॉफ नर्स द्वारा चिकन पॉक्स बीमारी के चलते अवकाश की मांग की थी,जिस पर सिविल डॉ शेखावत एप्रेन उतारने की बात कहीं। जहां मामलों को लेकर नर्सिंग स्टॉफ और सिविल सर्जन एवं सीएमएचओ में बहस होती नजर आई थी, तो वहीं इस मामले की जांच आंतरिक परिवाद समिति द्वारा की जाएगी।

दरअसल शनिवार को समाचार पत्रों में नर्सो द्वारा लागए गए आरोपी की खबर प्रकाशित हुई थी, जिसके चलते महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) 2013 के अंतर्गत आन्तरिक परिवाद समिति द्वारा प्रकरण की जाँच किए जाने हेतु आदेशित किया गया है। गठित समिति के सदस्य डॉ. रजनी छारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर अध्यक्ष, कपिल देव पाराशर जिला कार्यक्रम प्रबंधक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर सदस्य, नाजिमा सैयद सिस्टर ट्यूटर एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र अशोकनगर सदस्य, लीना नायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोकनगर सदस्य, अनीता गुर्जवार सहायक ग्रेड-3 कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अशोकनगर सदस्य हैं।

### एक नजर में

## नगदी सहित जेवरातों पर चोरों ने बोला धावा

**अशोकनगर।** पिपरई थाना अंतर्गत ग्राम छैवलाई में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात को अज्ञात चोरो ने एक घर को निशाना बनाते हुए घर में रखे सोने, चांदी के आभूषणों सहित नगदी पर हाथ साफ कर लिया। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित परिवार के बयान दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बब्लू रघुवंशी आम दिनों की तरह शुक्रवार की रात्रि में खाना खाकर सोए हुए थे, शनिवार सुबह जब वह उठे तो घर में लगे ताले टूटे हुए पड़े थे, तो वहीं घरों में रखे वक्से और अलमारी का सामान विखरा पड़ा हुआ था। श्री रघुवंशी ने बताया कि चोरी की इस घटना में 2 तोला सोने की चेन, 1 तोला सोने की कड़ी, 1 तोला झुमकी, 6 सोने की अंगूठियां, चार चांदी की पायल, सिक्के, बिछिया सहित अन्य सोने-चांदी के आभूषण और 2 लाख से अधिक रूपये गायब है। चोरी की सूचना मिलते ही पिपरई पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है।

## कौशल एवं तकनीकी विकास के चाहे गए आवेदन

**अशोकनगर।** हाथकरघा क्षेत्र में कार्यरत हाथकरघा बुनकर सहकारी समितियां (मप्र सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत), स्वसहायता समूहों, उद्यमियों, व्यक्तिगत बुनकरों को सार्वजनिक रूप से सूचना दी गई है कि कौशल एवं तकनीकी विकास योजना 2025-26 के अंतर्गत फ्रेमलूम कम्पलीट सहायक उपकरण सहित की 90 प्रतिशत राशि राज्य शासन एवं 10 प्रतिशत आवेदक हाथकरघा बुनकर संस्था/व्यक्तिगत बुनकर / समूह/उद्यमियों / अशासकीय संस्था द्वारा जमा करने पर ही स्वीकृत की जावेगी। आवंटित बजट के उपयोग हेतु आवेदन तारीख 2 जनवरी 2026 तक आमंत्रित किये गए हैं।

# दो वर्षों में भी नहीं बन पाई कचरा निष्पादन की व्यवस्था, वाहन भी नहीं

## प्रतिदिन निकल रहे पांच से दस क्विंटल कचरे के कारण जगह-जगह लगे कचरे के ढेर

नवभारत न्यूज

**बहादुरपुर।** कस्बे में करीब एक हजार आवास और पांच सौ से अधिक दुकानें हैं। जिनसे प्रतिदिन पांच से दस क्विंटल कचरा निकल रहा है। ग्राम पंचायत के सात सफाईकर्मी इस कचरे को साफ कर हाथ से धकेलने वाली छोटी छोटी ट्रॉली में भर लेते हैं और अपनी सुविधा के अनुसार कहीं भी ढेर लगा देते हैं। इस अव्यवस्था के कारण कस्बे में पांच से सात कचरा प्वाइंट बन गए हैं। इस अव्यवस्था के दो कारण हैं, पहला कारण कोई स्थाई कचरा मैदान का न होना और दूसरा कारण कचरा एकत्रित करने वाले वाहन का न होना। दरअसल, कस्बे की बसाहट राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे करीब दो किलोमीटर लंबाई में है। अंदरूनी बस्ती भी बड़ी परिधि में फैली हुई है। इस ग्राम पंचायत को बीस वार्डो में बांटा गया है, इन वार्डो की सफाई सात सफाईकर्मियों के जिम्मे है। जिनके क्षेत्र बंटे हुए हैं, सभी के पास सफाई के लिए झाडू और कचरा भरने के लिए हाथ से धकेलने वाली ट्रॉली हैं। जिसे ज्यादा दूर तक धकेला नहीं जा सकता।

**थाना परिसर में ही दो महीने से डंप हो रहा कचरा:**
राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पर ही दो हेक्टेयर भूमि में पुलिस थाना परिसर है। इस परिसर के एक कोने में बीते दो महीने से कचरा डंप हो रहा है। थाना प्रभारी अरविंद कछुवाह का कहना था कि डेढ़ महीने पहले मौखिक रूप से पंचायत को बोल दिया था। अब नोटिस देंगे। इस के अलावा मस्जिद के पास, बीजासन माता मंदिर के नीचे, खोपरा तिराहा, कैथन नदी के पुल और मोला नदी के पुल के पास भी कचरा प्वाइंट बन गए हैं। बीते दिनों जब कलेक्टर आदित्य सिंह कस्बे में भ्रमण पर आए थे तो नागरिक मोहित अरोरा की शिकायत पर मुक्तिधाम में फेंका जाने वाला कचरा ग्राम पंचायत ने तीन दिन तक जेसीबी चलाकर साफ कराया था।

**नवम्बर 2023 में शुरू हुई थी आवंटन प्रक्रिया:**
जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 13 के सदस्य आदित्य त्रिवेदी ने नवम्बर 2023 में तत्कालीन कलेक्टर आर उमा माहेश्वरी को पत्र लिखकर कस्बे में कचरा मैदान, दशहरा मैदान, हाट बाजार और खेल मैदान के लिए भूमि आवंटन की मांग रखी थी। जिसके बाद चली फाइल में ग्राम पंचायत ने अपना प्रस्ताव दिया और तत्कालीन सदर पटवारी राजेश श्रीवास्तव ने रिपोर्ट तैयार की। इस प्रस्ताव और रिपोर्ट में शासकीय खसरा नंबर 196/2 की रकबा 0.394 हेक्टेयर भूमि कचरा मैदान के लिए प्रस्तावित की गई थी। यह फाइल कहां है, किस स्तर पर अटकी है। इसकी जानकारी न तो ग्राम पंचायत को है और न ही तहसीलदार बहादुरपुर को। यदि कचरा मैदान के लिए भूमि आवंटन हो जाए तो सफाईकर्मियों को एक स्थाई मैदान मिल जाएगा। इस संबंध में ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक कृष्णपाल सिंह यादव का कहना था कि प्रस्ताव बना कर तहसीलदार बहादुरपुर की ओर प्रस्तुत कर दिया गया था। आगे की कार्रवाई उन्हें ही करनी है।

**दो बार की जनपद निधि से आने हैं दो कचरा वाहन, जिला पंचायत में प्रशासकीय स्वीकृति अटकी:**
जनपद सदस्य आदित्य त्रिवेदी बताते हैं कि वर्ष 2024 और वर्ष 2025 में पांच पांच लाख रूपये की जनपद पंचायत निधि से दो कचरा वाहन खरीदने के लिए उन्होंने प्रस्ताव दिए थे। जनपद पंचायत मुंगावली द्वारा प्रस्ताव स्वीकृत कर जिला स्तर पर भेज दिए। जहां पर उन्हें अब तक प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिल सकी है। जबकि इसी निधि के तहत स्वीकृत हुए जनपद पंचायत के अन्य कार्य प्रगति पर हैं। यदि कचरा वाहन ग्राम पंचायत में आ जाएं तो कचरे को एक जगह तक पहुंचाने के प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

# वकील से मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** विगत दिनों न्यायालय से लौट रहे वकील पर जानलेवा हमला करने वाले दो और आरोपियों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

दरअसल 15 दिसंबर को थाना कोतवाली अंतर्गत एडवोकेट अनिल अग्रवाल जब न्यायालय से कार्य पूर्ण होने के बाद अपने घर लौट रहे थे, तभी घात लगाए बैठे हमलावरों ने उनकी बेरहमी से मारपीट की, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए, तो वहीं उन्हें उच्च उपचार के लिए भोपाल रैफर किया गया है। वहीं पुलिस ने एडवोकेट की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। इसके बाद जहां पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रदीप सरकार व उसके दो साथियों को 24 गिरफ्तार कर लिया था, तो वहीं हमले शामिल जितेंद्र पाल सिंह और बिजेन्दर उर्फ बल्लू को गिरफ्तार किया है।

# संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि मनाई

**अखिल भारतीय धोबी महासंघ ने किया कार्यक्रम**

**शामिल हुए कई संगठन और न्यायाधीश**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। शनिवार को अखिल भारतीय धोबी महासंघ ने संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि मनाई। जिला मुख्यालय पर रजक समाज के लोगों ने त्रिदेव मंदिर के पास स्थित संत गाडगे की मूर्ति पर पुष्प अर्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में न्यायाधीश मनीष अनुरागी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सरकारी योजनाओं और वैदिक सेवा प्राधिकरण कानून की विस्तृत जानकारी देते हुए बाल विवाह जैसी कुरूति को मिटाने की बात कही। वहीं जिला महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी चंद्रसेना भिड़े ने महिलाओं और बच्चों हितों पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि बृजकिशोर शर्मा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति ने बच्चों की शिक्षा, संस्कार, स्वच्छता और सेवा पर जोर दिया और बाल संरक्षण कानून के बारे में विस्तार से बताया। विधायक हरिबाबू राय ने समाज की एकता पर बल दिया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, नारायण प्रसाद शर्मा, मनोज शर्मा, रेडक्रॉस समिति के चेयरमैन डॉ.जयमंडल सिंह यादव, विहिव के डॉक्टर दीपक मिश्रा आदि सहित समाज के अध्यक्ष शोभाराम रजक, संभाग अध्यक्ष राकेश रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष बलवीर रजक आदि उपस्थित थे।

**धर्मसभा** | **घट यात्रा के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान प्रारंभ**

# जैन धर्म की ध्वजा, धर्म देवता का रूप होती है



**मुंगावली।** शनिवार को घट यात्रा के साथ सिद्ध चक्र महा मंडल विधान का आयोजन किया गया, जिसमें घट यात्रा पुराना बाजार से शुरू हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां प्रथम दिवस नगर में विराजमान वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ने 8 दिन तक चलने वाले सिद्ध चक्र महामंडल विधान के प्रथम दिवस ध्वजारोहण की महिमा बतलाते हुए कहा कि जैन धर्म की ध्वजा धर्म देवता का रूप होती है। ध्वज का कभी अनादर नहीं होना चाहिए। ध्वजा गतिशीलता, चेतन शक्ति, सुख- शांति-प्रेरणा, सफलता, क्रांति, कल्याण, विजय, यश - कीर्ति, उल्लास और संकल्प और समृद्धि की प्रतीक है। डंडा सम्यक ज्ञान का, दंड लगाने का आधार सम्यक दर्शन का और फहराती हुई ध्वजा सम्यक चारित्र की प्रतीक होने से मोक्ष मार्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं। घरों में ध्वज लगाने से भूत पिशाच मेंटल आदि देवों की बाधा परेशान नहीं करती बल्कि ध्वजा लगाने से यह बधाएं दूर हो जाती है। घर की ऊंचाई से एक हाथ ऊंची ध्वज लगाने से निरोग्यता प्राप्त होती है दो हाथ ऊंची लगाने पर सुपुत्र मध्य प्रतिष्ठा और निरगता प्राप्त होती है तीन हाथ ऊंची ध्वाजा लगाने से निरोगिता कुलपुत्र संपत्ति यश और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती है चार हाथ ऊंची ध्वजा लगाने से पूर्वोत्तर पुण्य की प्राप्ति तो होती है। साथ में समृद्धि शाली राजा की प्राप्ति होती है पांच हाथ ऊंची ध्वजा लगाने से पूर्व में कहीं गए सभी फल की प्राप्ति और देश में स्वच्छता निरोगता फैलती है महामारी दूर होती है। ध्वजा हमारी सज्जनता ईमानदारी इत्यादि की प्रतीक होती है। पंचरंगी ध्वज में सफेद रंग अरिहंत परमेष्ठी का प्रतीक है और सुचित्रा पवित्रता संतोष और त्याग का प्रतीक है।


VAN VIHAR NATIONAL PARK & ZOO

आइए,
प्रकृति के साथ सामंजस्य में जीवन जिएं

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान एवं जू, भोपाल द्वारा
डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया एवं पीसीपीसी के सहयोग से

**मध्यप्रदेश शिक्षक प्रकृति संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम (MPTTNC 2025-2028)**

यह कार्यक्रम विद्यालय शिक्षकों को प्रकृति शिक्षा,
व विविधता संरक्षण, सतत जीवन शैली, जलवायु परिवर्तन एवं मिशन LifE से संबंधित
मूलभूत ज्ञान, क्षेत्रीय अनुभव एवं संप्रेषण कौशल प्रदान करने हेतु तैयार किया गया है,
जिससे वे विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी नागरिक बना सकें।

कार्यक्रम स्थल - वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल

| पाठ्यक्रम सत्र | तारीख |
|---|---|
| प्रथम पायलट पाठ्यक्रम | 27-28 दिसंबर 2025 |
| द्वितीय पायलट पाठ्यक्रम | 10-11 जनवरी 2026 |
| प्रथम नियमित पाठ्यक्रम | 17-18 जनवरी 2026 |
| द्वितीय नियमित पाठ्यक्रम | 24-25 जनवरी 2026 |
| तृतीय नियमित पाठ्यक्रम | 31 जनवरी - 1 फरवरी 2026 |
| चतुर्थ नियमित पाठ्यक्रम | 7-8 फरवरी 2026 |
| पंचम नियमित पाठ्यक्रम | 14-15 फरवरी 2026 |
| षष्ठ नियमित पाठ्यक्रम | 21-22 फरवरी 2026 |

इच्छुक शिक्षक
नीचे दिए गए गूगल फॉर्म के माध्यम से
ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं



अधिक जानकारी हेतु
कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता, पाठ्यक्रम
संरचना एवं दिशा-निर्देशों के लिए कृपया वेबसाइट देखें
https:/vanviharnationalpark.org/document/documents

जागरूकता से संरक्षण की ओर, कक्षा से प्रकृति तक

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान एवं जू, भोपाल

D11169/25